## महादेव मेले में नागपुर से आए श्रद्धालु की भीमकुंड में डूबने से हुई मौत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महादेव मेले में आए नागपुर निवासी शिवशंकर भगत उम्र 47 वर्ष की गोरखघाट के नीचे बाराभट्टी स्थित भीमकुण्ड में नहाने के दौरान हादसे का शिकार हो गया और उसकी मृत्यु हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। नागठाना में ड्यूटी पर कार्यरत ग्राम कोटवार को जब हादसे की सूचना मिली तो उन्होंने हादसे की जानकारी दमुआ थाना पुलिस को दी। सूचना पर दमुआ पुलिस बल छिन्दवाड़ा से एसडीआरएफ (आपदा बचाव दल) के साथ मौके पर पहुंचा। तैरने में माहिर बचाव दल ने मृतक शख्स की खोजबीन शुरू की। मौके पर पुलिस ने पाया कि किनारे पर भीमकुण्ड में नहाने उतरे शख्स का बैग, एक जोड़ी चप्पलें और पहनने के कपड़े रखे हुए थे। वहां नहा रहे भक्तों ने पुलिस को बताया कि एक भगत नहाने के लिए भीमकुण्ड में उतरा और बाहर नही निकला। पुलिस ने किनारे पर रखे उसके कपड़ों में रखे मोबाइल से फोन करके मृतक शख्स के परिजनों से सम्पर्क किया और उन्हें हादसे की जानकारी दी। शनिवार सुबह मंगेश भोयर समेत कुछ परिजन दमुआ पहुंचे, जहां पुलिस ने शव वाहन से मृतक के शव को दमुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया और शव परीक्षण उपरांत शव स्वजनों को सौंप दिया है। स्वजन उक्त शव को लेकर नागपुर रवाना हो गए हैं, जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम नागपुर में किया जाएगा। इस घटना को लेकर क्षेत्र में जहां सनसनी फैल गई है तो वहीं उक्त कुंड में सुरक्षा व्यवस्था लगाने की मेले तक मांग की गई है।

## पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में 18 किमी मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्थानीय छिंदवाड़ा फिजिकल एकेडमी द्वारा पुलवामा शहीदों की स्मृति में 18 कि.मी. मैराथन दौड़ पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत को नमन करते हुए एक विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ छिंदवाड़ा पुलिस लाइन से सिमारिया हनुमान मंदिर तक आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने 18 किलोमीटर की दूरी तय की। इस आयोजन में लगभग 30 जवानों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और समर्पण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य सहयोग गुलाबरा स्थित उर्वशी जनरल स्टोर्स के संचालक एड. आकाश यादव एवं सागर यादव द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी कराई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अकुल इरपाची ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सुमित पन्द्रम को मिला, जबकि तृतीय स्थान विकास यदुवंशी ने हासिल किया। चतुर्थ स्थान बलराम चंद्रवंशी



को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर एकेडमी के संचालक कोच मिथुन धुर्वे, उपसंचालक प्रवीण घागरे, पीटीआई शशिक, आर्मी रविन्द्र अहके, देवीदास उईके, प्राहिम तुमड़ाम, शुभम सहित समस्त टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने इस आयोजन में सुरक्षा एवं पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, फिटनेस और अनुशासन का संदेश देने का प्रयास किया गया है।

### सार-समाचार

## 9 वर्षों की अखंड सेवा परम्परा पहली पायरी में महाशिवरात्रि का विराट महाभंडारा जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित पचमढ़ी के प्रसिद्ध चौड़ागढ़ मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के मेले की पावन यात्रा का शुभारंभ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु जुन्नारदेव विशाला की पहली पायरी से करते हैं। महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले श्रद्धालु महादेव मेले में शामिल होने से पूर्व पहली पायरी पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन.पूजन कर अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं।

इसी पावन अवसर पर पिछले 19 वर्षों से शिवभक्तों की सेवा हेतु आयोजित विशाल महाभंडारा आज एक अद्भुत और प्रेरणादायी स्वरूप ले चुका है। शिव के अनन्य भक्त कमल मदान एवं उनकी मित्रमंडली द्वारा वर्षों पूर्व की गई छोटी-सी शुरुआत अब हजारों श्रद्धालुओं के लिए सेवा और समर्पण का विराट केंद्र बन गई है।



### छह दिनों तक 24 घंटे सेवा

11 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह भंडारा महाशिवरात्रि मेले के दौरान लगातार 6 दिनों तक संचालित किया जाता है, जिसमें आने वाले शिवभक्तों को 24 घंटे भोजन प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन तो पहली पायरी पर हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का पूजन कर भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस महाभंडारे का समापन 16 फरवरी को हवन पूजन कर भंडारा स्थल पर स्थापित की गया मूर्तियों के विसर्जन के साथ किया जाएगा।

भंडारे में भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की जाती है। साथ ही महाशिवरात्रि पर व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की भी अलग से व्यवस्था की गई है, जिससे प्रत्येक शिवभक्त श्रद्धा एवं संतोष के साथ प्रसाद ग्रहण कर सके।

### भक्ति और आराधना का संगम

भंडारा स्थल पर भगवान भोलेनाथ के साथ शिवलिंग, भगवान श्री गणेश, वीर बजरंगबली, मां सरस्वती एवं माँ नर्मदा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रातः एवं सायं संगीतमय आरती के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर होकर झूम उठते हैं, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है।

### सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य : कमल मदान

भंडारे के आयोजक कमल मदान का कहना है कि इतना बड़ा और पावन आयोजन भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा तथा मित्रों के अथक सहयोग से ही संभव हो पाता है। हमारा प्रयास है कि चौड़ागढ़ मेले की यात्रा पर आने वाले प्रत्येक शिवभक्त की यथासंभव सेवा कर सकें।

### सफल संचालन में रहेगा सहयोग

वैसे तो इस स्थान पर जो भंडारा होता है उसके आयोजन कर्ता सिर्फ कमल मदान है, किंतु कार्यक्रम एक सप्ताह पूरे 24 घंटे चलता है, इस बात को ले आयोजन सफल हो अन्य कार्य भी होते हैं, जिन्हें समिति के अन्य सदस्य बीकेएस परिहार, रिंकू वेदी, राजेंद्र भल्ला, संतोष ठाकुर, गट्टू मीरानी, अनिल अग्रवाल, बंटी मिगलानी, दीपेश जैन, विशेष चौरसिया, पप्पू सूर्यवंशी, अरविंद साहू, सुभाष अग्रवाल, अनिल चौरसिया एवं दिलीप राय भंडारा कार्य व्यवस्थित सुचारू ढंग से चले इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।



## रेडियो किसान दिवस पर ग्राम मोआदेई में कृषि जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रेडियो किसान दिवस के अवसर पर आकाशवाणी छिंदवाड़ा द्वारा आज जिले के ग्राम मोआदेई में कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेतीए नवीन कृषि तकनीकों एवं पशुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाशवाणी छिंदवाड़ा के कार्यक्रम अधिशासी दीपांकर तिवारी ने कहा कि आकाशवाणी हमेशा से किसानों की आवाज़ रही है और रेडियो के माध्यम से कृषि विज्ञान, सरकारी योजनाओं और विशेषज्ञ सलाह को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेडियो किसान दिवस किसानों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है तथा ऐसे कार्यक्रम किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हैं।

कार्यक्रम में पूर्व डीन एवं सह संचालक, आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र डॉ. विजय पराड़कर, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. ध्रुव श्रीवास्तव, डॉ. रिया ठाकुर, डॉ. सुंदरलाल अलावा, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार तथा सहायक संचालक कृषि नीलकंठ पटवारी एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र देलाखारी रोशनलाल राउत उपस्थित थे।विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीज, मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल विविधीकरण एवं वैज्ञानिक पशुपालन की जानकारी दी। साथ ही किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर व्यावहारिक समाधान बताए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में कार्यक्रम अधिशासी अमोल शेंडे द्वारा किसानों एवं समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

## आबकारी ने 250 किग्रा महुआ लहान, 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा और 10 पाव देशी शराब की जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत अमरवाड़ा के अंतर्गत हर्रई बस्ती एवं अमरवाड़ा के ग्राम लखनवाड़ा में दबिश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कुल 05 ज्ञात आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिसमें 250 कि.ग्रा. महुआ लहान, 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 10 पाव देशी मदिरा आबकारी द्वारा जब्त की गई। महुआ लहान का सेंपल निकालकर शेष महुआ लहान को मौके पर नष्ट किया गया एवं मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी वृत अमरवाड़ा का समस्त अमला एवं थाना हर्रई का स्टाफ उपस्थित था।

## बच्चा गैंग मूवी देखने पहुंचे दिव्यांग बच्चों ने बजाई तालियां




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** खेल प्रमोटर एवं फिल्म प्रोड्यूसर इंद्रजीत सिंह बैस व वंशमणि शर्मा ने बताया कि 30 जनवरी से 12 फरवरी तक फिल्म बच्चा गैंग मूवी छिंदवाड़ावासियों के लिए लगाई गई थी, जिसके अंतिम शो में आधार फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ओर स्टाफ को हमारी ओर से निःशुल्क फिल्म दिखाई गई, जिसे देख कर बच्चे बहुत खुश हुए ।

इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए यह फिल्म बनाई गई है, अतः बच्चों की परीक्षा के बाद मार्च माह में इसे ऑल इंडिया रिलीज की जाएगी। उस समय छिंदवाड़ा जिले में भी प्रदर्शित की जाएगी। इस फिल्म को बच्चों ने व सभी उम्र के लोगों ने बहुत सराह और कहा कि बहुत दिनों के बाद ऐसी मूवी देखने को मिली तथा आगे भी इस तरह की ज्ञानवर्धक मूवी बननी चाहिए। हम सभी पत्रकार बन्धु व सभी सोशल मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का आभार व्यक्त करते कि सभी ने बच्चा गैंग फिल्म को कवरेज दिया सभी का धन्यवाद। वहीं अच्छी फिल्म बनाने के लिए खेल प्रमोटर, समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह बैस को दर्शकों ने बधाई दी।

## देश में 74 करोड़ और जिले में 9 लाख माता-पिता पूजे गए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से विश्व के 167 देशों में मनाया जाने वाला मातृ-पितृ पूजन दिवस की धूम जिले सहित पूरे देश में रही। जिले के 1462 ग्रामों के आलावा सैकड़ों स्कूलों एवं देश के लगभग 68 लाख शैक्षणिक संस्थाओं में यह आयोजन सम्पन्न हुआ।

श्री योग वेदांत सेवा समिति ने 2 माह पूर्व ही देश में कार्यरत 2500 समितियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी थी। बच्चों में, विद्यार्थियों में, युवाओं में अपने-अपने माता-पिता के प्रति पूज्य भाव प्रकट हो इस निमित्त प्रतिवर्ष यह आयोजन सम्पन्न करवाए जाते हैं। सन 2006 में छिंदवाड़ा गुरुकुल से इसकी शुरुआत हुई थी और आज 167 देशों का पर्व बन गया है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए अमेरिका के केलिफोर्निया विधानसभा द्वारा सन 2020 में पूज्य बापूजी को सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। आज गुरुकुल में देश के 24 राज्यों एवं विदेशों में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने वैदिक रूप से भगवान श्रीगणेश की तरह अपने-अपने माता-पिता का पूजन कर आशिर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में



सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और सभी धर्म सम्प्रदाय के लोगों ने उपस्थित दर्ज की जिसमें सांसद विवेक (बंटी) साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम आहाके, पार्षद विजय पाटिल, लायंस क्लब के पूरन लाल राजलानी, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन भाउदास गोखे, सिख समाज के परम जीत सिंह, मुस्लिम समाज के रिजवान कुरैशी, गायत्री परिवार के संरक्षक शिवनारायण साहू, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया, भाजपा नेता चंदू जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समिति से प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ कि गत 2 माह से जारी इस कार्यक्रम में देश में लगभग 74 करोड़ तथा जिले में 9 लाख माता-पिता पूजे गए। इस भव्य आयोजन के लिए सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के प्रार्थना पत्र पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री पहले ही आदेशित कर चुके हैं। उपमुख्यमंत्री के आदेश पर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों ने भरपूर सहयोग किया। सेवा निवृत्त रेल इंजीनियर अशोक निगम के प्रयास से भारतीय रेल विभाग के सहयोग से देश के सैकड़ों रेलवे स्टेशनों पर मातृ-पितृ पूजन दिवस का एनाउंसमेंट करोड़ों करोड़ों यात्रियों के बीच चर्चा का विषय रहा।

इस कार्यक्रम में श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित संत आशाराम आश्रम खजरी का सहयोग सराहनीय रहा। इस दैवीय कार्य में समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन, साध्वी रेखा बहन, पूजा आम्रवंशी, महिला समिति से डॉ. मीरा पराड़कर, ललीता घोंगे आदि ने अपनी-अपनी सेवाए दी। समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, देशभर के मुख्यमंत्रियों, समस्त जिला कलेक्टरों और स्थानीय मीडिया का आभार व्यक्त किया।